तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 22 सितंबर, 2025



13 पथ विक्रेताओं को मिलेगा 15 से 50 हजार का ऋण, क्रेडिट कार्ड से 30 हजार का लाभ तक



## गबन : शिक्षा विभाग के तीन प्राचार्य सहित 4 निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राज्य शासन ने दुर्ग जिला शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार एक मामले में एक साथ 3 प्राचार्य और एक शिक्षक को निलंबित किया गया है। इन पर 1.84 लाख रुपए गबन करने की जांच चल रही थी। दो साल पहले एक शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जिसकी शिकायत मार्च 2024 में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी ने दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से फरीदनगर के प्रभारी प्राचार्य नौशाद खान समेत शिक्षक निजामुद्दीन के विरुद्ध की थी। शिकायत में बताया गया कि फरीदनगर के प्रभारी प्राचार्य नौशाद खान ने दुर्ग के तकियापारा के प्रभारी रहते हुए संकुल केंद्र के अकाउंट को हैंडओवर न करते हुए दो-दो फर्जी अकाउंट संचालित कर लाखों रुपए का गबन किया है। उनके साथ निजामुद्दीन भी इस अकाउंट संचालन में शामिल था। शिकायत के बाद हुई जांच में पाया गया कि नौशाद खान और निजामुद्दीन ने मिलकर करीब 1,84,000 रुपए का गबन किया है। उसी जांच में यह भी सामने आया कि बाद में तकियापारा में पदस्थ हुईं दो महिला प्राचार्य वंदना पांडे व आशा टेकाम ने इस गड़बड़ी की जानकारी होने के बाद भी आपत्ति नहीं प्रकट की, जिससे उन्हें भी भ्रष्टाचार में शामिल माना गया और निलंबित किया गया।




### राज्य ने निलंबित कर दिया है

गबन की जांच के बाद राज्य शासन ने तीन प्राचार्य व एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। आदेश का परिपालन में संबंधितों के खिलाफ आगे की विभागीय कार्रवाई चलेगी।

\- अरविंद मिश्रा
जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

### चार प्राचार्य व शिक्षक एक साथ निलंबित

एक ही शिकायत पर चार लोगों को एक साथ निलंबित किया गया। यह निलंबन कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षा विभाग की कठोर कार्रवाई का प्रतीक है और यह संदेश देती है कि विभाग में ईमानदारी और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए किसी भी स्तर पर गलत कार्य स्वीकार्य नहीं होगा।पवन केसवानी द्वारा 4 मार्च 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी और 8 मार्च 2024 को कलेक्टर को दी गई शिकायत के डेढ़ साल बाद यह निलंबन हुआ है, जिससे साफ होता है कि इस प्रकार की गंभीर शिकायतों पर सरकार और प्रशासन कार्रवाई करने के लिए गंभीर हैं।

## घर में लगी आग लाखों का सामान जला

**भिलाई।** भिलाई के नेहरू नगर में अग्रसेन चौक के पास स्थित एक मकान में रविवार को आग लग गई। आग लगने से घर के अंदर रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। स्मृति नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें जैसे ही आग लगने की सूचना मिली दमकल की एक टीम को वहां रवाना किया गया। टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। कई घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जिस घर में आग लगी वह रजक अकील खान का बताया जा रहा है। आग क्यों लगी इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसका पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है।

## सुरही नदी एनीकट में बहा युवक, शव बरामद


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग संभाग अंतर्गत बेमेतरा जिले में रविवार को ग्राम देवकर में सुरही नदी पर बने एनीकट में एक बच्चा बह गया। सूचना मिलते ही बेमेतरा पुलिस ने दुर्ग एसडीआरएफ टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम वहां पहुंची और पानी के अंदर से शव को बरामद किया।

एसडीआरएफ दुर्ग के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बेमेतरा कंट्रोल रूम से उन्हें सूचना मिली थी कि चौकी देवकर अंतर्गत आने वाले देवकर गांव में सुरही नदी पर बने एनीकट में एक युवक बह गया है। उनकी टीम सूचना मिलते ही रवाना हुई। घटनास्थल पहुंचकर पता किया गया तो पता चला कि 11 साल का लड़का जिसका नाम



मयंक देवांगन पिता गणेश देवांगन है वो पानी में बहा है। एसडीआरएफ जवानो ने डीप डाइविंग और जाल डालकर शव की तलाश की। कई घंटे तक तलाश के बाद शव को पानी के अंदर से निकाला गया और बेमेतरा पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है।















# नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

## माँ शैलपुत्री



*सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।*
*शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।*

नवरात्रि की आराधना का प्रारंभ माँ शैलपुत्री की पूजा से होता है। शैलराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। माँ शैलपुत्री का स्वरूप अत्यंत दिव्य और तेजस्वी है – इनके मस्तक पर अधर्चंद्र सुशोभित है, दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएँ हाथ में कमल है, तथा इनके वाहन वृषभ (बैल) हैं। यह स्वरूप माँ शक्ति का सबसे शुद्ध और शांत रूप माना जाता है।

**माँ शैलपुत्री** को नवदुर्गाओं में प्रथम स्थान प्राप्त है और इन्हें साधना एवं योग की देवी भी कहा जाता है। उनकी उपासना से मनुष्य को अटूट विश्वास, धैर्य और शक्ति की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि माँ शैलपुत्री की कृपा से साधक का जीवन संतुलित और ऊर्जावान बनता है। नवरात्रि के प्रथम दिन उनकी आराधना से पूरे पर्व की नींव शुभ और मंगलमयी बनती है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

New RASM Rooftop Restaurant
HOTEL SHIV PRABHA INN
HOTEL APANA KESHARI LODGE
TOWN KING The Family Restaurant & Banquet
Ranjan Gupta
Director
SPECIAL OFFER FOR :
BANQUET HALL BOOKING
KITTY PARTY,
BIRTHDAY, MARRIAGE
ENGAGEMENT,
MEETING, ETC.
47-C, MARKET, NEAR SAPNA TALKIES, NANDINI ROAD,
POWER HOUSE, BHILAI-DURG, MOB. : 9893215251, 8966981590

### नवरात्रि की प्रथम देवी
### माँ शैलपुत्री

नवरात्रि की पूजा का आरंभ माँ शैलपुत्री की आराधना से होता है। हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। उनका वाहन वृषभ है, इसलिए वे वृषारूढ़ा नाम से भी जानी जाती हैं। दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएँ हाथ में कमल धारण किए, माँ शैलपुत्री का स्वरूप अत्यंत दिव्य है।

माना जाता है कि यही सती अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री बनीं और शैलपुत्री कहलाईं। पार्वती और हेमवती इनके अन्य नाम हैं तथा विवाह भगवान शिव से हुआ। नवरात्रि में प्रथम दिवस पर इनकी पूजा से साधक को आत्मबल, धैर्य और शक्ति की प्राप्ति होती है। माँ शैलपुत्री का महत्व अनंत और सर्वव्यापी है।

CHANANA TIMBER MERCHANT
Gaurav Chanana
Deals in : Premium Quality Teak Wood, Pine Wood, Beeja, Sal/Sarai, Hard Wood, WPC Frame, WPC Door, Lamination Door, MicaDoor & Aluminum Section Etc.
MFG. WOODEN DOORS & WINDOWS
Paanch Rasta, Supela, Bhilai
Mob.: 99812-11787, 0788-4066305

10वीं-12वीं पास विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका
FSDMI
PRIVATE INSTITUTE
फायरमैन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण भर्ती हेतु
सत्र : 2025-26
AVAILABLE COURSES
- Fire Technology & Industrial Safety.
- Industrial Safety Management.
- Health Sanitary Inspector.
- Sub Fair Officer.
- PG in Fire Technology & Industrial Safety.
- Certificate in Fireman.
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety.
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial Safety.
Admission Helpline : 7697212782
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास छात्र एवं छात्राओं के लिए
कैंपस : इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़

पूरे परिवार एवं दोस्तों के लिए
PIYUSH OPTICAL
GST 2.0
BENEFIT
12 Now 5%
Brown Turquoise Sterling Gray Green Amethyst Blue



Get 7% OFF on all specs from 22nd September
SHOP NOW
प्लेनट आई
120, ए मार्केट, संगम डेयरी के सामने, भिलाई, मो.- 6260992500
पीयूष ऑप्टीकल कं.
नन्दनी रोड, ब्रीज की तरफ, भिलाई, मो.: 917884039142, 916260992500

स्नेहिल आमंत्रण / शुभकामनाएँ
अग्रसेन जयंती महोत्सव



22 सितम्बर 2025, सोमवार
अग्रसेन चौक, नेहरु नगर पूजा अर्चना प्रातः 10 बजे
बम्पर हाऊजी संध्या 5 बजे से सौजन्य :- NAYANTARA DIAMONDS
आकर्षक सामूहिक नृत्य कार्यक्रम (6 से 12 वर्ष) संध्या 7 बजे से
सभी अग्रबंधु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
विनीत - अग्रसेन जन कल्याण समिति, अग्रवाल समाज सेक्टर-6, भिलाई

नवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रमन शाहनी, जनरल सेक्रेटरी, भारतीय थ्रोबॉल संघ
पद्मश्री जे.एम. नेलशन, पेट्रॉन, छत्तीसगढ़ थ्रोबॉल संघ
श्रीकांत दास गुप्ता, चेयरमेन रेफ्री बोर्ड, भारतीय थ्रोबॉल संघ
पी. कामराजू, जनरल सेक्रेटरी, छ.ग. थ्रोबॉल संघ
चांदनी सोनवानी
अशोक कुमार
दीपक महलोत
अर्चना विश्वकर्मा
गौतम राव
अनामिका
रिया विश्वकर्मा
विनीत : भारतीय थ्रोबॉल संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबॉल एसोसिएशन

अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...

# समाज सुधार और समानता के महान दूत
# महाराजा अग्रसेन



अग्रसेन महाराज भारतीय इतिहास के उन महान व्यक्तित्वों में गिने जाते हैं जिन्होंने समाज को एकता, सहयोग और सेवा का अद्वितीय संदेश दिया। उनका जीवन परोपकार, सद्भाव और समानता की मिसाल है। महाराज अग्रसेन ने अग्रोहा नगरी की स्थापना की, जहाँ हर आने वाले व्यक्ति को घर और रोजगार उपलब्ध कराया जाता था। उन्होंने एक ईंट और एक रुपया की अनूठी परंपरा शुरू की, जिससे समाज में बंधुत्व और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। अग्रसेन महाराज को वैश्य समाज का आदिपुरुष माना जाता है, लेकिन उनका संदेश संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने हमेशा सत्य, अहिंसा और समानता को जीवन का मूल मंत्र माना। उनकी जयंती पर हम उनके आदर्शों को याद करते हुए समाजसेवा और लोककल्याण का संकल्प लेते हैं। आज भी अग्रसेन महाराज के सिद्धांत सामूहिक सहयोग, न्याय और सामाजिक उत्थान की राह दिखाते हैं। उनका जीवन यह सिखाता है कि समाज की शक्ति एकता और परस्पर सहयोग में ही निहित है।

अग्रसेन महाराज जयंती पर उन्हें नमन करते हुए हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराएँ। उनकी शिक्षाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी प्राचीन काल में थीं। यही कारण है कि वे केवल एक राजा ही नहीं, बल्कि युगपुरुष और समाज सुधारक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे।

महाराजा अग्रसेन का जन्म लगभग 5,000 वर्ष पूर्व महाभारत काल में हुआ माना जाता है। वे सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के राजा वल्लभ सेन के पुत्र थे। बचपन से ही उनमें न्यायप्रियता, करुणा और समाज सेवा की भावना थी। बड़े होकर उन्होंने मात्र राजपाट ही नहीं संभाला, बल्कि समाज में समानता और आर्थिक न्याय की नींव भी रखी।

## समाजवाद और दान की अद्भुत परंपरा

महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट और एक रुपया की परंपरा की शुरुआत की। इसका उद्देश्य था कि समाज का कोई भी व्यक्ति नया व्यवसाय शुरू करना चाहे तो उसे हर परिवार से सहयोग मिले। इस अनूठी परंपरा ने समाज में भाईचारे, सहयोग और आर्थिक आत्मनिर्भरता की भावना को जन्म दिया। यही कारण है कि आज भी अग्रवाल समाज को व्यापार और उद्योग जगत में अग्रणी माना जाता है।

## अहिंसा और सद्भाव के पुजारी

महाराजा अग्रसेन ने अपने जीवनकाल में अहिंसा और शांति के मार्ग को अपनाया। उन्होंने युद्धों से दूर रहकर समाज और राज्य को सहयोग, दान और उदारता की भावना से समृद्ध किया। उनका यह दृष्टिकोण आधुनिक लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की नींव के समान है। आज जब समाज में असमानता, बेरोजगारी और आपसी मतभेद बढ़ते जा रहे हैं, तब महाराजा अग्रसेन की विचारधारा और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। उनका संदेश हमें सिखाता है कि समाज की उन्नति केवल सहयोग, भाईचारे और न्याय से ही संभव है। महाराजा अग्रसेन न केवल एक शासक थे, बल्कि समाज सुधारक, दूरदृष्टा और लोककल्याणकारी विचारों के महान प्रतीक भी थे। उनकी जयंती हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में समानता, एकता और उदारता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

























● रोज दोपहर 1 बजे से सेक्टर 8 स्टील क्लब में हो रहे निशुल्क रजिस्ट्रेशन और ट्रेनिंग

# हरिभूमि गरबा ट्रेनिंग में उत्साह, धोधिया, डाकला, गलघोटो में सीखे गरबा के नए स्टेप, आज ट्रेंडी सांग झूम-झूम पर मिलायेंगे ताल

नवरात्रि की धूम शुरू होने से पहले हरिभूमि परिवार की ओर से आयोजित डांडिया ट्रेनिंग कैंप में प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे जुड़कर नए स्टेप्स सीखते नजर आए। रविवार को छुट्टी होने के चलते काफी संख्या सभी आयु वर्ग के लोग ढेरों प्राइज जीतने के लिए जमकर पसीना बहाया। ट्रेंनिंग के दौरान प्रतिभागियों को अलग-अलग लेवल के स्टेप्स सिखाए जा रहे हैं, ताकि नवरात्रि के मौके पर वे बेहतरीन प्रस्तुति दे सकें। रविवार को डीएवी स्कूल हुडको की टीचर कोकिला योना और बिजनेस वूमेन माया अधिकारी ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया।तीसरे दिन क्षेत्र के जाने-माने कोरियोग्राफर द्वारा धोधिया, डाकला, गलघोटो के स्टेप सिखाएं गए। सोमवार को गरबा ट्रेंडी सांग झूम झूम सिखाया जायेगा।

**भिलाई।** हरिभूमि और आईएनएच द्वारा आयोजित डांडिया रास गरबा सीजन 10 के ट्रेनिंग कैंप में रविवार को तीसरे दिन रंगारंग माहौल रहा। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को पारंपरिक डांडिया स्टेप्स के साथ-साथ कुछ मॉडर्न स्टाइल भी सिखाए।

ताल पर थिरकते प्रतिभागियों ने ग्रुप डांडिया और सर्कल फॉर्मेशन में हाथ आजमाया। महिलाओं ने पारंपरिक गरबा सीखने कदम से कदम मिलाया, तो वहीं युवाओं ने जोश और ऊर्जा से वातावरण को जीवंत कर दिया। बच्चों ने भी डांडिया की थाप पर कई स्टेप्स सीखे।





## आज ट्रेंडी सांग झूम-झूम सीखेंगे स्टेप

ट्रेनिंग सेशन के चौथे दिन सोमवार को ट्रेंडी सांग झूम-झूम, छत्तीसगढ़ी गरबा, डाकला व कचुकों स्टेप मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। साथ ही पोपट, टिमली, सनेड़ो सहित गरबा व डांडिया के बेसिक स्टेप भी सीखाएं जायेंगे। निशुल्क ट्रेनिंग के इस आयोजन में सभी महिलाएं, बच्चें, युवक-युवतियां व सभी आयु वर्ग शामिल हो सकते है। डांडिया महोत्सव सीजन 10 के एसोसिएट सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, एचटीसी रायपुर और बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के सहयोग से किया जा रहा है।

## निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ एंट्री फ्री



नवरात्र पर्व पर प्रतिवर्ष दैनिक हरिभूमि भिलाई और आईएनएच के संयुक्त तत्वावधान में भव्य गरबा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी 25 और 26 सिंतबर को स्टील क्लब सेक्टर-8 में गरबा को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कोई भी भाग ले सकता है। प्रतियोगिता पूरी तरह से निशुल्क है। इसकी तैयारी जोरों पर चल रही हैं। सेक्टर 8 स्टील क्लब में चल रहे गरबा ट्रेनिंग के तीसरे दिन ट्रेनिंग लेने वालों की संख्या बढ़ गई। लोग बेहद उत्साह और उमंग के साथ खुद से गरबा की ट्रेनिंग ले रहे हैं। ताकि हरिभूमि और आईएनएच के गरबा कार्यक्रम में धूम मचा सकें। दोपहर 1 बजे से शाम 3 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदनी और सांई एरोबिक्स क्लासेस के डायरेक्टर संतोष काले के मार्गदर्शन में हरीश किंग्स ऑफ गरबा भवानी, जॉन सन और नवीन ने गरबा के विभिन्न स्टेप्स सिखाए। साथ ही लोगों ने टिमली, भवानी व सनेडो में ताल से ताल मिलाया।



## लाइव इवेंट

### किड्स, महिला और सीनियर वर्ग में हुए मैच, बच्चों की टीम ए बनी विजेता



**भिलाई।** अग्रसेन भवन खुर्सीपार में अग्रसेन जयंती महोत्सव में क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच हुआ, जिसका आनंद लेने सभी आयु वर्ग के लोग उपस्थित रहे। अग्रवाल सेवा समिति, महिला समिति और अग्रसेन युवा मंच द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अलग-अलग दिन विभिन्न रोचक आयोजन किए जा रहे हैं। अग्रसेन भवन खुर्सीपार में क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच हुआ। फाइनल मैच तीनों ग्रुप किड्स, महिला और सीनियर वर्ग का हुआ। इसमें बच्चों के मैच में टीम ए विजेता बनी। महिला वर्ग में टीम बरखा जीती। वहीं सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में अग्रोहा स्ट्राइकर और नयनतारा इलेवन के बीच हुए संघर्षपूर्ण मैच में अग्रोहा स्ट्राइकर विजेता बनी। इसके अलावा युवा मंच और महिला समिति के द्वारा आनंद मेला का आयोजन किया गया। साथ ही समाज के बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। जिसमें बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी।

### खुर्सीपार के भवन से आज निकलेगी शोभायात्रा



समाज के सांस्कृतिक चेयरमैन पवन अग्रवाल ने बताया कि 22 सितंबर को दोपहर 3 बजे से अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा खुर्सीपार के भवन से निकलेगी। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, आईजी रामगोपाल गर्ग और निरोज के डायरेक्टर अनिल अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रतनलाल, रामनाथ, घनश्याम दास, अनूप गोयल, सुंदर गुप्ता, उमाशंकर अग्रवाल, तोताराम, संगीता, प्रेमा गर्ग, निखिल अग्रवाल, विकास, अक्कू, आदित्य, भावेश आदि मौजूद थे।

# त्याग और मानवता का संदेश देने गुरु तेग बहादुर का नगर कीर्तन पहुंचा भिलाई, किया स्वागत

**भिलाई।** शहीदां दे सरताज, धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक नगर कीर्तन आज छत्तीसगढ़ भिलाई पहुंचा। यह नगर कीर्तन असम धुबरी के पावन गुरुद्वारा साहिब से चलकर सुबह सवा 10 बजे भिलाई के कुम्हारी टोल प्लाजा पहुँचा, जहाँ छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई एवं यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने संगत सहित गुरु घर की हाजिरी भरते हुए हर्षोल्लास से स्वागत किया। नगर कीर्तन के बाद चरोदा, खुर्सीपार, पावर हाउस, सुपेला घड़ी चौक एवं नेहरू नगर चौक से होते हुए दुर्ग पहुँचा। जहां हर पड़ाव पर संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप के दर्शन किए और 10 मिनट तक नाम सिमरन व कीर्तन की रसधारा में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के





अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि सिख इतिहास की अमर गाथा को स्मरण करता है बल्कि समाज को भाईचारे, त्याग और मानवता का संदेश भी देता है। इस अवसर पर मलकीत सिंह, जसवंत सिंह सैनी, हरपाल सिंह, हरजिंदर सिंह, यशदीप सिंह, सोम सिंह और समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी कड़ी में सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल,वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गाँधी, पलविंदर सिंह रंधावा, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह चहल , इंद्रपाल सिंह सैनी, अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह सैनी,हरपाल सिंह,,बलदेव सिंह,, बीबी कुलवंत कौर, सतवंत सिंह, अवतार सिंह, इंद्रजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह हैप्पी, इंद्रपाल सिंह सैनी, सरबजीत सिंह सैनी, हरविंदर सिंह केबो, रणजीत सिंह

## पितृ तर्पण कर हुई विशेष अमावस्या पूजा, श्रद्धालुओं की रही भीड़



**भिलाई।** पितृपक्ष के अवसर पर रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको के सदस्यों ने तालाब में जल, तिल, अक्षत और कुश अर्पित कर पितरों का तर्पण किया।

विधिवत पूजा-पाठ के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान को सम्पन्न किया गया। रविवार को सर्वपितृ अमावस्या और शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ भी है। इस अवसर पर हुडको कालीबाड़ी में विशेष अमावस्या पूजा का आयोजन किया गया। शाम 7.30 बजे से पूजा के बाद रात 9.30 बजे से भोग और प्रसाद वितरण किया गया। पूजा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और धार्मिक वातावरण में आस्था की गूंज सुनाई दी।


## सिटी इवेंट

### तालीम ही तरक्की का जरिया, बच्चों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित



**भिलाई।** सीरत जनकल्याण कमेटी भिलाई की ओर से आयोजित इस्लामिक नॉलेज टेस्ट आईकेटी का पुरस्कार वितरण समारोह जुनवानी रोड में रखा गया। जिसमें आईकेटी के 2 समूह में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले 8 बच्चों को नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं टेस्ट में 4 से 10 स्थान तक रहने वाले बच्चों को मोमेंटो, मेडल्स और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा टेस्ट में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्टिफिकेट के साथ उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. एजाज़उद्दीन रजिस्ट्रार-एक्जीक्युटिव डायरेक्टर रूंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी भिलाई ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि तालीम ही तरक्की का जरिया है और इसे हर हाल में पूरा करना है। मुख्य संरक्षक जमाअत इस्लामी हिंद छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शब्बीर खान, विशिष्ट अतिथि दारुल क़ज़ा, भिलाई दुर्ग अध्यक्ष ज़ल्लिूर रहमान, क़ाज़ी शहर मुफ़्ती मोहम्मद सोहैल और मोटीवेशनल स्पीकर हसन अली ने समाज में बदलाव के लिए शिक्षा के साथ दीन का इल्म भी सीखना और उसपर अमल करने की बातों में ज़ोर दिया। सीरत कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व सेकेट्री अरशद महमूद और मोहम्मद साबिर तथा सभी सदस्य को और कुछ दीगर समाज के प्रतिष्ठित लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एनजीओ सलाहकार तवक्कल ग्रुप के मोहम्मद इमरान अज़ीज़ ने बताया कि आईकेटी में भिलाई-चरोदा व रायपुर शहर से तकरीबन 500 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। आयोजन का मुख्य उद्देश्य दीन से मोहब्बत का जज्बा जगाना है। संचालन मो. इमरान अज़ीज़ और इमरान खान के साथ अमजद अली व अन्य साथियों ने किया।

### मां दुर्गा की दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति



**भिलाई।** जलप्रदूषण रोकने के लिए विशालतम नहीं बल्कि छोटी प्रतिमाएं बनानी चाहिए तथा उसका विसर्जन नदी, नाले, पोखर और तालाबों में नहीं वरन कुंड बनाकर करना चाहिए। आम जनता में यह संदेश देने के लिए मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने दुनिया की सबसे छोटी मां दुर्गा की प्रतिमा ही बना डाली है। मात्र एक चने के दाने जितनी छोटी इस मूर्ति को एक महिला श्रद्धालु अपने उंगली पर रखकर निहार रही है। कलाकार ने कहा है कि मानवीय सभ्यता के कारण धरती इतनी तेजी से प्रदूषित हो रही है कि आने वाले 20-30 वर्षों में यह रहने लायक भी नहीं बचेगी। जिसके लिए हम सबको मिल जुलकर प्रयास करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को हम स्वस्थ धरती दे सकें।

## अग्रसेन जयंती पर हो रहे विविध आयोजन

# दुर्ग-भिलाई में महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा में उमड़े लोग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता दिल

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** अग्रसेन जनकल्याण समिति सेक्टर 6 और दुर्ग अग्रसेन समाज द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं की धूम मची हुई है। इसी कड़ी में भिलाई और दुर्ग में रविवार की सुबह महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा अलग-अलग क्षेत्रों में निकाली गई। शोभायात्रा ने पूरे शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। यात्रा में महाराजा अग्रसेन की भव्य अलौकिक रथ, ऊँट-घोड़े और झांकियां आकर्षण का केंद्र रहे। दोनों स्थानों से निकली शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत कर महाराजा अग्रसेन के दर्शन किए। शोभायात्रा में अग्रवाल समाज के हर आयु वर्ग के लोग उत्साह के साथ जुटे। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सबका मनमोह लिया।



समाज की महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। राधा कृष्ण फेम एक्ट्रेस मल्लिका सिंह द्वारा राधा की भूमिका में दी गई प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता। पूरा पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा।। शोभायात्रा के अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के विजय गुप्ता, संजय रूंगटा, कैलाश रूंगटा, ललित सक्सेरिया, गोरीशंकर अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, बंशी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रतन अग्रवाल, दिनेश लोहिया, विजय अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, सांस्कृतिक प्रभारी दिलीप अग्रवाल के अलावा समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### इंदिरा भगवान अग्रसेन जी की निकली भव्य शोभायात्रा



अग्रवाल समाज दुर्ग के तत्वावधान में निकली शोभायात्रा में महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग को लोगो ने पगड़ी पहनकर और हाथों में झंडा लेकर शोभायात्रा की अगुवायी की। अग्रसेन की प्रतिमा को सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया था। इसमें समाज के सभी बच्चे, युवा, बुजुर्ग शामिल हुए। शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर शहर के इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड होते हुए गंजपारा में समाप्त हुई। समाज के संरक्षक सुधीर अग्रवाल और कैलाश रुंगटा ने बताया कि इस अग्र शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल अध्यक्ष सीएसडीआईसी ने अग्र झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संजय रुंगटा, ललित सक्सेरिया, पंकज किरतुका, अनूप अग्रवाल, मुकेश सिंघानिया, सरिता गोयल, अनीता अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, आकाश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य जन शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### आज जलेंगे आस्था के ज्योत, तैयारी पूरी

दुर्ग । सिविल लाईन कसारीडीह स्थित मां सतरुपा शीतला मंदिर में नवरात्रि का पर्व पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। क्वांर नवरात्रि पर इस वर्ष मंदिर में 1551 की संख्या में देश व विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। मंदिर में मां शीतला सात रुपों में विराजमान है।इस संबंध में सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर्व की शुरुआत 22 सितंबर को शुभ मुहुर्त पर सुबह 11.36 बजे कलश स्थापना व ज्योत प्रज्जवल के साथ होगी। 27 सितंबर को पंचमी पर कलश चढ़ावा व माता का श्रृंगार, संध्या 4 बजे बाना परघनी, 30 सितंबर को महाअष्टमी पर्व पर संध्या 4 बजे हवन-पूजन, संध्या 6 बजे से कन्या पूजन व कन्याभोज एवं 1 अक्टूबर को महानवमी पर्व पर संध्या 4 बजे ज्योत-जंवारा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि पर मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। इस कड़ी में 27 सितंबर को रात्रि 7.30 बजे गरियाबंद की पंडवानी गायिका रोशनी नागवंशी अपने साथी कलाकारों के साथ पंडवानी गायन की प्रस्तुति देंगी।

### सेवा पखवाड़ा दिवस मना

दुर्ग। रजत जयंती के अवसर पर कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-07 भिलाई सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र, छात्रा सम्मिलित हुए। कार्यकम में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अधिकारी, एपी गौतम, डॉ. लखन चौधरी, उप प्राचार्य, डॉ. ए. नागमणी, एनसीसी प्रभारी, डॉ. सलीम अकील, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर, अजय कल्याणी, संचालक, कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र दुर्ग, पी.एल. साव, युगल किशोर साहू, डॉ.प्रखर, डॉ. योगेन्द्र कुमार, गायत्री परिवार दुर्ग तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं एनसीसी के छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

# पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में शेड व प्रतीक्षालय लोकार्पित, मिलेगी सुविधा

## कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव व महापौर अलका बाघमार ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत लगभग 31.49 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित शेड एवं प्रतीक्षालय का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार और सभापति श्याम शर्मा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुक्तिधाम में नव निर्मित शेड और प्रतीक्षालय नागरिकों के लिए बेहतर सुविधा और आरामदायक व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। बारिश, धूप या अन्य मौसम में श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोगों को अब परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। साथ ही परिसर को रंगरोगन और सौंदर्यीकरण से आकर्षक और साफ-सुथरा रूप दिया गया है।

कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, साजन जोसफ, पार्षद अश्वनी निषाद, सविता साहू, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता पंकज साहू सहित क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

### वार्ड के हर क्षेत्र में किया जा रहा विकास लोगों को मिले सहज मूलभूत सुविधा : गजेंद्र

लोकार्पण अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि निगम क्षेत्र के हर वार्ड में विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम प्रशासन लगातार नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। आने वाले समय में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी तरह के विकास कार्य किए जाएंगे। सभापति श्याम शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।



## आयोजन : महात्मा गांधी कलामंदिर में बहुमत की वैचारिक संगोष्ठी

# मीडिया बने भारतबोध का माध्यम- डॉ. संजय

## भारत भावबोध, भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



वसुंधरा पत्रिका द्वारा हिंदी पत्रकारिता की द्विशती पर आज रविवार को महात्मा गांधी कलामंदिर में भारत भावबोध, भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता विषय पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव थे।

वरिष्ठ लेखक अनंत विजय और भारतीय जन संचार संस्थान दिल्ली के पूर्व महानिदेशक और माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य डां. संजय द्विवेदी मुख्य वक्ता और छग साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा अतिथि वक्ता थे। मंच पर दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर और दुर्ग विश्वविद्यालय के कुलपति संजय तिवारी भी मंच पर उपस्थित थे।

विधि विधायी मंत्री श्री यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि हिंदू सनातन संस्कृति के साथ देश में अमृतकाल चल रहा है। इस दौरान विश्व में भारत की स्थिति बहुत अनुकूल व सुदृढ़ हुई है। विश्व के 95 प्रतिशत सीईओ भारत या भारतीय मूल के हैं। वर्ष 2014 के पहले कोई कथावाचक गौ और हिंदू का बात नहीं करता था। लेकिन अब हर कथावाचक हिंदू संस्कृति की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय पत्रकारिता का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। पत्रकार विश्वसनीयता व सकारात्मक समाचारों से समाज को और बेहतर दिशा दें। शशांक शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता के पूर्व पत्रकारिता के मिशन थी, लेकिन 1947 के बाद हिंदी पत्रकारिता से भारतबोध व भारतीयता का लोप हुआ है। हिंदी पत्रकारिता की दशा व दिशा तभी सुधरेगी जब समाज की दशा व दिशा नहीं सुधरेगी। उन्होंने 2 सौ साल की पत्रकारिता के मूर्धन्य पत्रकारों के चित्रों में महात्मा गांधी की तस्वीर नहीं होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि गांधी के अकेले आजादी दिलाने व राष्ट्रपिता होने जैसी स्थापना को खारिज किया जा सकता है लेकिन उनके पत्रकार होने को खारिज नहीं किया जा सकता।

डां. संजय द्विवेदी ने कहा कि समाज अधोपतन की ओर जाए और पत्रकारिता शीर्ष पर जाए, यह संभव नही है। आज अखबार पढ़ने ही नहीं वरन पेज नहीं पलटने वाले भी हिंदी पत्रकारिता के पतन की बात करते हैं। आज पाठक रील देख रहे हैं और जो बच गए वे रील बना रहे हैं। हर किसी को अपना कर्म श्रेष्ठ और दूसरे का तुच्छ लगता है। हमें सोचना होगा हम कैसा भारत बना रहे हैं। भारतबोध केवल भूगोल नही है।

हम ऋषि परंपरा के लोग हैं जड़ नहीं हैं। किसान से लेकर सैनिक तक सभी देश के लिए बेहतर कर रहे हैं। आज का अखबार एक पूर्ण समाचार पत्र है। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र में समान संवेदना विकसित करना होगा। हमारा संवाद और संचार लोक मंगल के लिए हो और मीडिया भारतबोध का माध्यम बने। तकनीक को दोष न दें उसका सकारात्मक इस्तेमाल सीखें। अनंत विजय ने कहा कि यदि किस देश को नष्ट करना है तो वहां की भाषा को खत्म कर दो। आज सुनियोजित तरीके से हमारी भाषा को खत्म किया जा रहा है। हमें अंग्रेजी का मोह छोड़ हिंदी पत्रकारिता में भारतबोध जगाने अपनी भाषा को बचाना होगा। आज पत्रकारिता में सिंहावलोकन नहीं हो रहा है अंग्रेजी पत्रकारिता ने हमारे लोक को फोक बना दिया है। हमें अपने अतीत पर गर्व कर भारत बोध नहीं हिंदूबोध जगाना होगा।

### एकाग्र व बहुमत के अंक का विमोचन

मुख्य अतिथि ने एकाग्र व बहुमत पत्रिका के विशेषांक का विमोचन किया।अतिथियों का स्वागत दिनेश वाजपेयी, बीएसपी ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर,वरिष्ठ पत्रकार ईवी मुरली ने किया। अरविंद पाडेय इंद्रजीत सिंह छोटू, दिनेश वाजपेयी आदि ने किया। राज्य गीत लोकगायिका रजनी रजक व राष्ट्र गीत सोनाली चक्रवर्ती ने गाया। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार विश्वेश ठाकरे और श्वेता उपाध्याय व आभार प्रदर्शन सुमन कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रमशीला साहू, प्रो,डीएन शर्मा ओए के महासचिव अंकुर मिश्रा, पूर्व जीएस परविंदर सिंह,डीजीएम यशवंत साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष केएन राय, साहित्यकार लोकबाबू व विजय वर्तमान आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

# बिहार से लौटकर विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं



भिलाई। भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र यादव अपने सेक्टर-5 स्थित विधायक निवास में लोगों से भेंट-मुलाकात किए। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक, महिला-पुरुष और युवा विधायक से मिलने पहुंचे। सुबह से ही विधायक निवास पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इसमें स्थानीय स्तर की जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। नागरिकों ने पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से संबंधित मुद्दे सामने रखे। कई लोगों ने व्यक्तिगत परेशानियाँ भी बताईं और समाधान की उम्मीद जताई। विधायक यादव ने सभी लोगों की बात ध्यान से सुनी और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है और किसी भी समस्या को हल करने में पूरी कोशिश की जाएगी। इस दौरान विधायक ने मौजूद लोगों से आत्मीयता से बातचीत की। क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ समाज निर्माण में योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे जुड़कर ही जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को सही मायनों में निभा सकता है। लोगों ने विधायक की सहजता और संवेदनशील रवैये की सराहना की। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चिट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



भिलाई। दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

कुम्हारी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि लवप्रीत सिंह उर्फ करण निवासी शंकर नगर कुम्हारी अपने पास चिट्टा अवैध रूप से रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने तुरंत अहिरवारा रोड में रेड मारी और घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से पॉलिथिन मे रखा चिट्टा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 21 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# स्कूलों को मॉडल बनाने डीपीआई, डिप्टी डायरेक्टर चावरे ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लोक शिक्षण संचालनालय के डिप्टी डॉयरेक्टर आशुतोष चावरे ने दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग एवं विकासखंड पाटन के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि विद्यालयों की ऐसे मॉनिटरिंग की आवश्यकता है जिसमें विद्यालयों के अकादमिक स्तर में आमूल चूल परिवर्तन हो। साथ ही विद्यालय के अन्य पहलुओं में भी सुधार हो। जिससे जिले के अधिक से अधिक विद्यालय मॉडल स्वरूप विकसित हो सके।



### डीईओ, बीईओ, संकुल समंवयकों की बैठक लेकर बनाई रणनीति

डिप्टी डॉयरेक्टर चावरे ने रविवार को को जिले के समस्त सहायक संचालक को विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वय को की बैठक लेकर विस्तार से किन-किन बिंदुओं पर मॉनिटरिंग किया जाना है। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के अकादमी स्तर को किस प्रकार बेहतर किया जा सकता सुझावात्मक उपाय बताए गए ।उन्होंने जिले के प्रत्येक विधानसभा के दो विद्यालयों को मॉडल स्कूल में विकसित करने, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की ई- क्लास रूम को अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

### हिन्दी व अंग्रेजी धाराप्रवाह बोलें बच्चे

डिप्टी डॉयरेक्टर चावने ने कहा कि प्रत्येक विकासखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शत प्रतिशत बच्चे कक्षा की दक्षता अनुरूप हिंदी एवं अंग्रेजी धारा प्रवाह पढ़ सके। कक्षा अनुरूप गणित की संक्रियाओं को कर सके। इसके लिए विकास करों को लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विकास करो में आपस में प्रतिस्पर्धा रखी गई है। विकासखंड द्वारा उनके द्वारा निर्धारित समय अवधि में अधिक से अधिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

# नवरात्र में भक्तों के लिए बनाया जाएगा सेवा पंडाल



भिलाई। नवरात्र महोत्सव के अवसर पर सार्वजनिक श्री दुर्गा समिति, खुर्सीपार द्वारा सेवा पंडाल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 22 शुरु होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष और बोल बम सेवा समिति के संस्थापक दया सिंह ने बताया कि समिति ने मां बम्लेश्वरी दरबार जाने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए विशेष सेवा व्यवस्था की जाएगी। सेवा पंडाल में जलपान, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा, गर्म पानी और मोबाइल चार्जिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। समिति का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों के लिए सेवा और भक्ति का माहौल तैयार किया गया है। विशेष आकर्षणनवरात्र महोत्सव के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। 25 सितम्बर, गुरुवार को जबलपुर के भजन गायक नीतू बुंदेला, जो मां विद्याधाम देवी जागरण की भक्ति संध्या प्रस्तुत करेंगे। 27 सितम्बर, शनिवार को गरियाबंद की सांस्कृतिक कला मंच टीम द्वारा रंग सरोवर, 29 सितम्बर को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था, डोंडी लोहारा की टीम लोक सिरजन सांस्कृतिक प्रस्तुति देगी। समयदया सिंह ने बताया कि सेवा पंडाल का आयोजन खुर्सीपार, जी.ई. रोड, धर्मकाटा के सामने, भिलाई (जिला दुर्ग) में होगा।

# नशा मुक्ति थीम पर मैराथन कार्यक्रम

## रजत जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ नशामुक्ति का दिलाया गया संकल्प



रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले में सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशामुक्ति थीम पर मैराथन कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी चौक हिन्दी भवन के सामने दुर्ग में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा गांधी की पूजा अर्चना, दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। उसके पश्चात मैराथन दौड़ में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को उपस्थित जनप्रतिधियों एवं अधिकारियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। यह मैराथन दौड़ महात्मा गांधी चौक से नगर पालिक निगम दुर्ग होते हुए पुनः वापिस महात्मा गांधी चौक में समाप्त हुआ। उक्त अवसर पर सम्मिलित छात्र, छात्राओं को नशामुक्ति पर आधारित स्लोगन मय टी-शर्ट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में वेदनारायण चन्द्राकर, पार्षद, लीलाधर पाल, पार्षद एवं मेयर इन कॉउंसिलिंग मेंबर, सुमीत अग्रवाल, आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग, उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अधिकारी, एपी गौतम, श्रीमती शुक्ला, जिला शिक्षा विभाग दुर्ग तरुण साहू, साइंस कॉलेज दुर्ग तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में नशीले पदार्थों एवं मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। लोगों में जनजागरुकता प्रचारित-प्रसारित कर स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज निर्माण करने का संदेश दिया गया।

## आज पीएम स्वनिधि लोन मेला, समय पर ऋण चुकाने पर केंद्र सरकार देगी छूट

# पथ विक्रेताओं को मिलेगा 15 से 50 हजार का ऋण, क्रेडिट कार्ड से 30 हजार का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पथ विक्रेताओं के लिए है बड़ा अवसर

निगम द्वारा शहर के शहरी पथ विक्रेताओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोन मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 22 सितम्बर को डाटा सेंटर (सेंट्रल लाइब्रेरी) में आयोजित होगा। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि इस मेले में पात्र पथ विक्रेताओं को चरणबद्ध ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकेंगे।

शहर में हजारों पथ विक्रेता सब्जी-फल बेचकर, फेरी लगाकर, मनिहारी दुकान या रेहड़ी-पटरी पर छोटे-छोटे व्यवसाय चलाकर जीवनयापन करते हैं। अक्सर इन्हें पूंजी की कमी से जूझना पड़ता है और साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना इन्हें राहत और सशक्तिकरण देने वाली योजना है।

### योजना के तहत मिलने वाले ऋण

इस योजना में लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से ऋण की सुविधा मिलेगी पहला चरण : 15,000 रुपए का लोन, दूसरा चरण : 25,000 रुपए का लोन, पहला लोन समय पर चुकाने पर), तीसरा चरण : 50,000 रुपए का लोन (पूर्व की भांति), क्रेडिट कार्ड सुविधा : 30,000 रुपए तक की सीमा, समय पर अदायगी करने वालों के लिए विशेष सुविधा, इसके अतिरिक्त यदि लाभार्थी समय पर ऋण राशि जमा करते हैं तो भारत सरकार की ओर से 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान वापस कर दिया जाएगा।




### देने होंगे ये दस्तावेज

लोन मेले में पथ विक्रेताओं को पंजीयन एवं ऋण स्वीकृति हेतु निम्न दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा जिसमें आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर (जो आधार से लिंक हो) अनिवार्य है।

### योजना का उद्देश्य और प्रभाव

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके छोटे व्यवसायों को नई दिशा देना है। ऋण सुविधा मिलने से ये विक्रेता बिना किसी बिचौलिये या साहूकार पर निर्भर हुए आसानी से अपना व्यवसाय चला पाएंगे। इससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी, परिवार का जीवनस्तर बेहतर होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम आयुक्त ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस लोन मेले में शामिल होकर योजना का लाभ उठाएं और अपने भविष्य को सुरक्षित एवं सशक्त बनाएँ।

# मानव श्रृखंला बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ भिलाई निगम जोन क्रमांक 4 में हुआ आयोजन

रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत शनिवार को जोन क्रमांक 3 में युग निर्माण स्कूल के पास स्थित जीवीपी पॉइंट का विलोपन किया गया । इस अवसर पर पार्षद इंजीनियर सलमान ,भोला साहू पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र दिवाकर, पार्षद प्रतिनिधि एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, पी.आई.यू., अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी एवं सुश्री युक्ति देवांगन , ज़ोन 3 के जोनल विनोद एवं अन्य सुपरवाइजर एवं सफाई मित्र शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत जोन क्रमांक 04 क्षेत्रान्तर्गत स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाया। मानव श्रृंखला का निर्माण पश्चात स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया । स्कूल के शिक्षक एवं बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कर स्कूल परिसर में साफ सफाई किया गया, साथ ही स्वच्छता जागरूकता के लिए शपथ दिलाया गया है । इस अवसर पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### न्योता भोजन के साथ किया शिक्षक का सम्मान

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में न्यौता भोज के साथ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शाला के वरिष्ठ सहायक शिक्षक प्रेमिन नागवंशी ने अपने पुत्र के जन्मोत्सव की खुशी में यह आयोजन किया। शाला परिवार और शाला प्रबंधन समिति के सौजन्य से प्रेमिन चन्द्राकर का शिक्षक सम्मान किया गया। उनका शासकीय प्राथमिक शाला अमलेश्वर स्थानांतरण हुआ है।

### सेवा पखवाड़ा में लगाया एक पेड़ मां के नाम



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर में मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा समारोह लोकनिर्माण विभाग नवीन रेस्ट हाउस जामगांव आर (भंसुली) में आयोजित किया गया। जहां एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। समारोह के अतिथि भाजपा जिला पूर्व उपाध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू थे । इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू और जिला पंचायत सभापति कल्पना प्रतिनिधि नारद साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य भेंट कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कई महीनों से जन हित की समस्या हल कराने इधर उधर भटकने के बाद असफल रहे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी मीडियम विद्यालय जामगांव आर के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू को उम्मीद है कि समस्याओं के समाधान की उम्मीद है। इस दौरान भाजपा जामगांव आर मंडल कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश साहू आदि मौजूद थे।

### आज से दुर्गा के नौ विविध रुपों की स्थापना होगी

**सेलूद।** आदर्श क्लब बाजार चौक सेलुद में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र में माँ दुर्गा के नव रुपो की स्थापना की जायेगी। लगातार 25 वर्षों से बाजार चौक में दुर्गा स्थापना करते आ रहे है । इस वर्ष पुनः माँ दुर्गा के नौ रुपो को अलग अलग रखने जायेगा । पंद्रह फीट ऊपर माता का दरबार सजाया जाता है सिढियो के माध्यम से भक्त गण माता के नौ रुपो का दर्शन करते हैं।

## निधन

### मेहतरीन यादव



**भिलाई।** ग्राम हथखोज निवासी मेहतरीन यादव 80 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे हृदय यादव की पत्नी, लखन यादव की मां थीं।

### पुष्पा देवी थारवानी



**भिलाई।** एल आई जी 33,हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी पुष्पा देवी थारवानी 83 वर्ष का निधन 21 सितंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक थारवानी, अनिल थारवानी की मां, अभिषेक थारवानी की दादी एवं प्रकाश थारवानी, कैलाश थारवानी, अनिल थारवानी की चाची थीं।

### एकल बत्ती योजना पुनः चालू करे राज्य सरकार, मांग

# अंधेरे में जीवन यापन कर रहा गरीब परिवार, शासकीय पहल का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग जिले के ग्राम रिसामा में रेखा बाई निषाद का परिवार पिछले 6-7 वर्षों से बिना बिजली के जीवन बिताए हुए है। पति मंगल निषाद की बीमारी और उसके इलाज के लिए लिए गए कर्ज से परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो गया। पति के निधन के बाद रेखा बाई ने मुश्किल से घर बनवाया, लेकिन बिजली कनेक्शन अब तक नहीं जुड़ पाया है।

यह परिवार पहले नियमित बिजली उपभोक्ता था, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण कुछ महीनों का बिल न भर पाने पर बिजली विभाग ने उनका कनेक्शन काट दिया। गरीब और असहाय परिवारों के लिए संचालित एकल बत्ती योजना बंद हो जाने के कारण वे अब मूलभूत आवश्यकता बिजली से वंचित हो गए हैं।

इसके अलावा, छत्तीसगढ़ सरकार की हाफ बिजली बिल योजना में हाल ही में बड़े बदलाव किए गए हैं। पहले यह योजना घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली खपत पर 50% छूट देती थी, लेकिन अब इस छूट की सीमा घटाकर केवल 100 यूनिट कर दी गई है। इसका मतलब है कि जो उपभोक्ता 100 यूनिट से अधिक बिजली खर्च करते हैं, उन्हें अब पूरा बिजली बिल चुकाना होगा। इस बदलाव के कारण लाखों उपभोक्ताओं, विशेषकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी आर्थिक दबाव बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से ही महंगाई और आर्थिक तंगी झेल रहे परिवार अब बढ़े हुए बिजली बिल की मार से और अधिक परेशान हो गए हैं। जनपद सदस्य एवं किसान नेता ढालेश साहू ने कहा राज्य में जनता का हक है कि वे योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। शासन की जिम्मेदारी है कि वह गरीब और असहायों की स्थिति को समझते हुए योजनाओं का संचालन करे। रेखा बाई निषाद जैसे गरीब परिवार के साथ जो अन्याय हुआ है, वह अत्यंत दुखद है। हाफ बिजली बिल योजना में छूट को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट कर देना उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ डालना है।

बिजली अब भी एक मूलभूत आवश्यकता और नागरिक का अधिकार है। अतः एकल बत्ती योजना को तुरंत पुनः चालू किया जाए और 400 यूनिट तक की हाफ बिल योजना को पुनः बहाल किया जाना चाहिए।₹ इसलिए हम शासन प्रशासन से आग्रह करते हैं कि वे गरीब व असहाय परिवारों को बिजली सुविधा उपलब्ध कराने, उपभोक्ताओं पर पड़े अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम करने और योजनाओं में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाएं, ताकि आम जनता का मूल अधिकार सुरक्षित रहे।

**जनपद सदस्य ने उठाई सहायता की मांग**



### रक्तदान व अंगदान जागरुकता कार्यक्रम में जुटे विद्यार्थी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025–26 के अंतर्गत शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा, दुर्ग में रक्तदान एवं अंगदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला-दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में जी. आर. बुहारे, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, दुर्ग ने कहा कि-रक्तदान महादान है, इससे न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, अपितु अंगदान के माध्यम से अनेक व्यक्तियों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। इसी क्रम में मुकेश साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक अंडा और तुलसीराम यादव ने भी संबोधित किया। संचालन श्याम सुंदर पटनायक तथा धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस अधिकारी योगिता नशीने ने किया।

## सांसद खेल महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

उतई डूमरडीह चौक में रविवार सुबह सांसद खेल महोत्सव 2025 का रंगारंग आगाज हुआ। हजारों युवाओं और खेल प्रेमियों की भागीदारी के बीच आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत मशाल यात्रा से हुई। आयोजन का नेतृत्व दुर्ग सांसद विजय ने किया। यह आयोजन 25 दिसंबर तक 'फिट युवा फॉर विकसित भारत' के संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है।

सांसद विजय बघेल ने बताया कि फिट इंडिया के तहत सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य फिट युवा-विकसित युवा है। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन युवा प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने तथा फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत तीन लेवल में या खेल आयोजित होंगे ग्रामीण स्तर पर 21 अक्टूबर तक विधानसभा स्तर पर 22 अक्टूबर से 22 नवंबर तक लोकसभा स्तर पर 23,24 एवं 25 दिसंबर समापन 25 दिसंबर को होगा।

महोत्सव में आधुनिक व पारंपरिक दोनों प्रकार के खेल शामिल किए गए हैं। आधुनिक खेलों में कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, योगासन, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल होंगे। वहीं पारंपरिक खेलों में सुरीली कुर्सी, फुगड़ी, गेड्डी, खो-खो और कबड्डी शामिल किए गए हैं। प्रतियोगिताएं 9 वर्ष से लेकर 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक सभी खिलाड़ी जिनमें महिला, पुरुष और दिव्यांग सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, महामंत्री प्रवीण यदु, महामंत्री चंदू देवांगन, उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा , पार्षदगण सोनू राजपूत, सतीश चंद्राकर, लता सोनवानी, विजय लक्ष्मी, संगीत रजक, शिव ठाकुर, खूबिराम साहू, सुनीता चंद्राकर, अनिता गढ़े, लक्ष्मी नारायण साहू, भीमसेन सिन्हा, नरेंद्र साहू, विमला कामड़े, देवेन्द्र भारती, हरीश यादव, बृजमोहन साहू, ममता चंद्राकर, मोरजधव्ज वर्मा आदि उपस्थित थे।



■ कार्यक्रम में शामिल हुए दुर्ग सांसद बघेल, विधायक चंद्राकर और दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक

### जामगांव को पूर्णकालिक प्राचार्य की दरकार

**जामगांव आर।** शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से जामगांव आर भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने 19 सितंबर को मुलाकात कर शिक्षा विभाग के असहयोगात्मक रवैए से अवगत कराया था। इसके बाद महीनों से लंबित कार्य चंद घंटों में सुलझ गया और शुक्रवार रात को ही प्रभारी प्राचार्य बदले जाने की खबर मिली। प्रभारी प्राचार्य राजेश पिल्लई के स्थानांतरण पश्चात प्रभार वरिष्ठ व्याख्याता चेतना ठाकुर को दी गई। सेजस प्रभारी प्राचार्य एवं अध्यक्ष के बीच कार्यशैली संतुलन अनुकूल नहीं रही। इसी बीच डीईओ का आदेश निकला लेकिन जिनके नाम निकला वे स्वयं स्थानांतरित हो गए और मामला यथावत विवादास्पद बना रहा। अपने ही शासन में उदासीनता झेल रहे सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मिले और चंद घंटे में मनमाफिक आदेश मिल गया। जिला शिक्षा अधिकारी के 19 सितम्बर के आदेशानुसार सेजस जामगांव आर के प्रभारी प्राचार्य अब सरजूराम ठाकुर व्याख्याता एलबी होंगे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मामूली संक्रमण से कैंसर तक कई समस्याएं लेकर आ सकती है पौरुष ग्रंथि : डॉ. नवीन वैष्णव



**भिलाई।** पौरुष ग्रंथि या प्रोस्टेट पुरुषों में पाई जाने वाली वह ग्रंथि है जो बढ़ती उम्र के साथ समस्याओं को जन्म दे सकती है। समस्याओं का यह सिलसिला मामूली संक्रमण से लेकर कैंसर तक जा सकता है। हालांकि सही समय पर जांच एवं इलाज से इसका सम्पूर्ण इलाज संभव है। हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट एवं ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन वैष्णव बताते हैं कि आम तौर पर 50 से अधिक उम्र के लोगों में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। प्रोस्टेट ग्रंथि पुरुषों में मूत्राशय के नीचे स्थित एक ग्रंथि है जो वीर्य के लिए एक तरल पदार्थ का उत्पादन करती है। यह मूत्रमार्ग को घेरती है और वीर्य के साथ मिलकर शुक्राणु को पोषण और सुरक्षा प्रदान करती है। उम्र के साथ प्रोस्टेट का आकार बढ़ सकता है, जिससे पेशाब संबंधी समस्याएं होती हैं, और प्रोस्टेटाइटिस (सूजन) और प्रोस्टेट कैंसर जैसी स्थितियां भी इससे जुड़ी हैं। डॉ. वैष्णव बताते हैं कि प्रोस्टेट में सूजन दो तरह से हो सकती है। यदि इसका आकार बाह्य तौर पर बड़ा हो रहा हो तो आम तौर पर मूत्र संबंधी समस्या नहीं होती पर यदि सूजन भीतर की तरफ हो तो इससे मूत्र मार्ग पर दबाव उत्पन्न होता है जिससे मूत्र त्याग करने में समस्या आती है। अक्सर यही प्रोस्टेट के रोगों का पहला लक्षण भी होता है। उन्होंने बताया कि प्रोस्टेट के संक्रमण का इलाज जहां औषधियों के द्वारा किया जाना संभव है वहीं बाधा उत्पन्न करने की स्थिति में प्रोस्टेट को सर्जिकली हटा दिया जाता है। डॉ. वैष्णव ने कहा कि बढ़ती आयु में पेशाब की किसी भी समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। इससे समस्या को गंभीर होने से रोका जा सकता है। मूत्र मार्ग के अवरुद्ध होने पर किडनी जनित समस्याएं पैदा हो सकती हैं जिसके दूरगामी परिणाम भी हो सकते हैं।

### थनौद में रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर ग्राम पंचायत थनौद के उपस्वास्थ्य केंद्र में बालाजी ब्लड सेंटर द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत थनौद सरपंच मेनका दिनेश देशमुख, पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख, संदीप खरे, फ़लेंद्र देशमुख, सीताराम ठाकुर, आकाश ठाकुर, मुकेश देशमुख, संतोष सिन्हा, गजेंद्र देशमुख, कमल किशोर देशमुख आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### अभियंताओं की राष्ट्र निर्माण की भूमिका को जाना



**कुम्हारी।** आईसीएफएआई विश्वविद्यालय में भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की स्मृति में 58 वाँ राष्ट्रीय अभियंता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर अभियंताओं की राष्ट्र-निर्माण और नवाचार में भूमिका पर प्रकाश डाला गया तथा छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा का भी प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. शिव दयाल पांडे, कुलपति; मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. ओपी व्यास, निदेशक, आईआईआईटी-नया रायपुर, प्रो. डॉ. मनीष उपाध्याय, कुलसचिव; तथा डॉ. के. किशोर कुमार, अधिष्ठाता-शैक्षणिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत स्मृति-चिह्न स्वरूप पौधा भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. डॉ. शिव दयाल पांडे ने अभियंताओं की भूमिका को वैश्विक चुनौतियों के समाधान तथा सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) की प्राप्ति में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**पाटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जारी सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत पाटन द्वारा आत्मानंद चौक में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। शुरूआत में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने स्वामी आत्मानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री भाले ने कहा कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के तहत लगातार विभिन्न कार्यक्रम जारी रहेगा वहीं 20 सितम्बर को वार्ड क्रमांक 8 स्थित बुध्दू तालाब में साफ सफाई की गई। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निशा सोनी,भाजपा पाटन मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर,सभापति केवल देवांगन,देवेन्द्र ठाकुर, जितेन्द्र निर्मलकर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, अन्नपूर्णा पटेल, संगीता धुरंधर, हेमन्त वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नीलकंठ देवांगन, केशव बंछोर, योगेश सोनी, मिलन देवांगन, अरुण देवांगन, विजयकांत बंछोर नगर पंचायत के सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा, सिकोला के सरपंच अतीस सपहा आदि मौजूद थे।

### भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंडा क्षेत्र अंतर्गत चिंगरी, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, विनायकपुर, निकुम, ओटेबंद, जंजगिरी सहित अन्य गाँव में विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। ठेकेदार, मजदूर गैरेज, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप सहित कई स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय तालाब में शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा कर अपने औजारों, मशीनों और उपकरणों की सफाई कर उन्हें सजाया और कार्य में कुशलता व सफलता की कामना की। विश्वकर्मा पूजा को लेकर क्षेत्र के बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। ठेकेदार - दूखित राम देशमुख, ठेकेदार अगर देशमुख, खोरबाहरा साहू, चरान देशमुख, विनय साहू, जगन्नाथ साहू, पालन साहू, छन्नू लाल साहू, हरिश्चंद साहू, राजू लाल साहू, अजय साहू, नीलकण्ठ सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, गोलू सिन्हा, सुमेर सिंह आदि उपस्थित थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130





# भगवान दत्तात्रेय महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा



**दिनाँक**
**22 सितम्बर 2025**
**से**
**30 सितम्बर 2025**

**यज्ञाहुति समय**
**प्रातः 11:00 बजे**
**से**
**दोपहर 01:00 बजे तक**

## नवरात्रि नौ दिन की होती है दस दिन की नहीं

साधु प्रसन्न , भरे घर भण्डार ।
साधु बिगड़े , होवे बंटाधार ।।

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।
तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्।।
पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च।
सप्तमं कालरात्रिति महागौरीति चाष्टमम्।।
नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा प्रकीर्तिताः।।

देवी पार्वती ने सोचा मेरे पास ऐसा रक्षक क्यों नहीं, जो सिर्फ मेरा हो। फिर पार्वती जी ने अपने हल्दी के उबटन से एक बालक बनाया और अपने दिव्य शक्ति से उसमें प्राण फूंक दिया। फिर पार्वती ने उसे आदेश दिया कि जब तक वह स्नान करके बाहर ना आ जाए तब तक किसी को भी भीतर नहीं आने देना। संयोग से इसी दौरान भगवान शिव वहां आए उन्होंने भीतर जाना चाहा परंतु गणेश जी जो शक्ति के साक्षात स्वरूप हैं द्वार पर अटल खड़े रहे, उन्होंने शिवजी को भीतर जाने से रोक दिया, शिवजी ने समझाया, विनती की, पर गणेश जी नहीं माने, दोनों के बीच भीषण युद्ध हुआ। शिवजी का सब्र टूट गया, क्रोधित शिव जी ने त्रिशूल से गणेश जी का सिर काट दिया। देवी पार्वती को जब पता चला कि शिव ने गणेश का सिर काट दिया है, तो उनका क्रोध व दुख इतना भयानक था कि पूरा ब्रह्मांड कांपने लगा। शिवजी समझ गए अगर उनके पुत्र को तुरंत जीवित नहीं किया गया, तो पूरी सृष्टि का विनाश कर देगी, शिवजी ने गणेश की धड़ पर हाथी का मस्तक लगाकर जीवन दान दे दिया तभी से शिवजी ने उन्हें संपूर्ण सामर्थ्य और शक्तियां प्रदान करते हुए प्रथम पूज्य और गणों का देव बनाया।

तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व
नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी



**संत श्री माता जी**
**संस्थापक**
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
**राजलक्ष्मी मंदिर**
**जय शक्ति आश्रम**
**ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)**

**तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम । एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम ।।**

# शक्ति स्वरूपा माँ नवदुर्गा को शत्-शत् नमन...

भारतवर्ष में देवी माँ की आराधना का एक अनूठा रूप है नवरात्रि। यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और शक्ति-पूजा की जीवंत धरोहर भी है। माँ दुर्गा को शक्ति स्वरूपा कहा जाता है, क्योंकि वे संपूर्ण ब्रह्मांड की शक्ति का प्रत्यक्ष स्वरूप हैं। जब-जब अधर्म बढ़ा, तब-तब माँ ने नवदुर्गा के रूपों में अवतरित होकर धर्म की रक्षा की और असुरों का संहार किया।

## नवदुर्गा के नौ स्वरूप

नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। प्रत्येक स्वरूप का अपना विशेष महत्व और संदेश है:

माँ शैलपुत्री - हिमालय पुत्री, दृढ़ संकल्प और भक्ति की प्रतीक।

माँ ब्रह्मचारिणी - तपस्या और साधना की देवी, संयम व ज्ञान का स्वरूप।

माँ चंद्रघंटा -शांति और साहस का प्रतीक, जिनकी पूजा से भय दूर होता है।

माँ कूष्मांडा - ब्रह्मांड की सर्जक, ऊर्जा और आरोग्य प्रदान करने वाली।

माँ स्कंदमाता -मातृत्व और करुणा का प्रतीक, भक्तों को संतानों का सुख देती हैं।

माँ कात्यायनी - वीरता और विजय की देवी, जिनकी कृपा से विवाह संबंधी बाधाएँ दूर होती हैं।

माँ कालरात्रि -अज्ञान और भय का नाश करने वाली, असीम शक्ति का स्वरूप।

माँ महागौरी -शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक, जीवन में शांति और सुख लाती हैं।

माँ सिद्धिदात्री - सिद्धियों और परिपूर्णता की देवी, भक्तों को दिव्य शक्ति और ज्ञान देती हैं।

## नवदुर्गा की आराधना का संदेश

नवदुर्गा केवल पूजनीय देवियाँ नहीं हैं, बल्कि वे जीवन जीने की प्रेरणा भी देती हैं। शैलपुत्री हमें दृढ़ता सिखाती हैं। ब्रह्मचारिणी तपस्या और संयम का महत्व बताती हैं। चंद्रघंटा भय के बीच भी साहस बनाए रखने की प्रेरणा देती हैं।




कालरात्रि बताती हैं कि अंधकार कितना भी गहरा हो, प्रकाश का मार्ग हमेशा मौजूद रहता है। इस प्रकार, माँ नवदुर्गा की उपासना हमें यह सिखाती है कि जीवन की हर कठिनाई से लड़ने के लिए हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानना होगा।

## नवरात्रि और शक्ति साधना

नवरात्रि में उपवास, भजन-कीर्तन, गरबा और डांडिया केवल उत्सव नहीं, बल्कि शक्ति साधना का माध्यम हैं। व्रत रखने से शरीर शुद्ध होता है, भक्ति से आत्मा शुद्ध होती है और सामूहिक अनुष्ठान से समाज में एकता और ऊर्जा का संचार होता है।

## सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व

नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव भी है।

गुजरात का गरबा,
महाराष्ट्र का घटस्थापना,
बंगाल की दुर्गा पूजा,
और उत्तर भारत का रामलीला– ये सब नवरात्रि की विविधता और भारतीय संस्कृति की समृद्धि को दर्शाते हैं।

शक्ति स्वरूपा माँ नवदुर्गा को शत-शत नमन करते हुए यही कहना उचित होगा कि
माँ हमें शक्ति दें, ताकि हम बुराइयों का सामना कर सकें, माँ हमें ज्ञान दें, ताकि हम सही मार्ग पर चल सकें, और माँ हमें करुणा दें, ताकि हम दूसरों के जीवन में सुख और शांति ला सकें।

मातृ शक्ति को नमन...
नवरात्रि महिलाओं की शक्ति, साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है। यह पर्व हमें माँ दुर्गा की तरह हर परिस्थिति में निर्भीक बनने की प्रेरणा देता है। नारी सिर्फ स्नेह और ममता ही नहीं, बल्कि संघर्ष और संकल्प की भी पहचान है। नवरात्रि का संदेश है कि हर महिला अपने भीतर छुपी शक्ति को पहचाने। सच्चा उत्सव तभी है जब समाज हर नारी को सम्मान और समान अधिकार दे।
श्रीमती ज्योति शर्मा
डायरेक्टर
देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नॉलॉजी
देव संस्कृति विद्यालय

मातृ शक्ति को नमन...
माँ दुर्गा की ज्योति जलाए,
अंधियारे जीवन से हटाए।
भक्ति से जो शीश झुकाए,
माँ चरणों का सुख पाए।
आपको नवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएँ...
ममता मोटवानी
वरुण इंजीनियरिंग

मातृ शक्ति को नमन...
देवी माँ के चरणों में, अर्पित हो सब भाव,
सद्बुद्धि, शक्ति, सुख मिले, मिटे जन-जन का दाव।
जगजननी की ज्योति से,
जीवन हो उजियार,
नवदुर्गा की कृपा बने,
सबका जीवन साकार।
श्रीमती निधि चन्द्राकर
डायरेक्टर, छग उड़ान
राष्ट्रीय सचिव
महिला जागृति मंच दिल्ली

मातृ शक्ति को नमन...
नव दीप जले, नव फूल खिले,
रोज नई बहार मिले,
नवरात्रि के इस पावन अवसर पर
आपको माँ का आशीर्वाद मिले
E. Bharati
Principal
SHREE NARAYANA GURU
VIDYA BHAVAN [CBSE], Sector-4, Bhilai

मातृ शक्ति को नमन...
मां दुर्गा की ज्योति से
जगमगाये संसार।
नवरात्रि में मिले सबको
शक्ति का उपहार।
भक्ति में लीन हो जाए
हर -मन हर -तन।
मां की चरणों में मिले
सुख शांति अपार।
मिथिला खिचरिया
भाजपा उपाध्यक्षा-भिलाई

मातृशक्ति को नमन...
या देवी सर्वभूतेषु, मातृरूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः
आज युग ने फिर से नई करवट ली है
और स्त्रियों के संबंध में लोगों की
धारणाएँ एवं मान्यताएँ बदली हैं।
महिलाओं के कार्यक्षेत्र में
वृद्धि हुई है।
888 995 8883
SUN VALLEY
ENGLISH MEDIUM SCHOOL
KOHKA, MANGAL MARKET, PURANI BASTI, BHILAI

मातृशक्ति को नमन...
शास्त्रों में उस भगवान शिव की शक्ति अथवा शिवभक्ति कहा गया है।
आज की नारी पुरुषों से किसी मामले में पीछे नहीं है। एक समय था जब नारी को "अबला" कहकर पुकारा जाता था और संन्यासी लोग उसे "नर्क का द्वार" कहकर तथा अभिमानी गृहस्थ पुरुष उसे अपने "पैरों की जूती" कहकर ठुकराया करते थे लेकिन अब समय बदल गया है।
डॉ. स्मिता सक्सेना
मनसा कॉलेज
कुरूद रोड, कोहका

मातृ शक्ति को नमन...
आपको नवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएँ...
माँ के दर पे जो शीश झुकाए,
सुख-समृद्धि वह पथ पाए।
तेरी महिमा गाए संसार,
जय जय माँ दुर्गा अपार
राधा चतुर्वेदी प्राचार्या
SHRADDHA MONTESSORI
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
ZONE-2, SEC.-11, KHURSIPAR, BHILAI, DURG (C.G.)

मातृ शक्ति को नमन...
नवरात्रि नारी शक्ति और आस्था का पर्व है, जो हमें माँ दुर्गा की असीम ऊर्जा का स्मरण कराता है। नारी केवल स्नेह और करुणा का प्रतीक नहीं, बल्कि साहस और संकल्प की जीवंत प्रतिमूर्ति है। आज की महिला शिक्षा, समाजसेवा और हर क्षेत्र में अपनी भूमिका मजबूती से निभा रही है। नवरात्रि हमें सिखाती है कि नारी के बिना कोई भी समाज पूर्ण नहीं हो सकता। माँ दुर्गा की तरह हर महिला में असीम धैर्य और शक्ति छुपी हुई है। हमें यह पर्व संकल्प दिलाता है कि हर नारी को सम्मान और समान अवसर मिले। यही सच्ची नवरात्रि पूजा होगी, जब हम नारीत्व का गौरव गाएँगे। माँ दुर्गा से प्रार्थना है कि सभी महिलाओं को साहस, सुख और समृद्धि प्रदान करें।
वीणा चंद्राकर
पार्षद (समाजसेवी)